प्रल्हाद जोशी
PRALHAD JOSHI
ಪ್ರಲ್ಹಾದ ಜೋಶಿ

संसदीय कार्य, कोयला तथा खान मंत्री
भारत सरकार
नई दिल्ली
MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS,
COAL AND MINES
GOVERNMENT OF INDIA
NEW DELHI

सत्यमेव जयते

आज़ादी का अमृत महोत्सव

फ़ाइल् संख्या: I/18/2021-नेवा

दिनांक : 3 अगस्त 2023

प्रिय श्री हेमन्त सोरेन जी,

मैं यह पत्र झारखंड विधान सभा में राष्ट्रीय ई-विधान परियोजना (NeVA/ नेवा) की गति को बढ़ावा देने के बारे में लिख रहा हूँ। जैसा की आप जानते है, राष्ट्रीय ई-विधान परियोजना देश के सभी विधानमंडलों को कागज रहित व डिजिटल बनाने की एक परियोजना है, जिसे संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। अतः मुझे आपको यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि नेवा के माध्यम से देश की 10 विधायिकयों को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया है।

झारखंड विधानसभा में नेवा परियोजना को 29 जून 2022 को मंजूरी दे दी गयी थी, तत्पश्चात् परियोजना के लिए केंद्रीय अनुदान की प्रथम किस्त 24 अगस्त 2022 को जारी की गई थी। परियोजना मंजूरी शर्तों और जीएफआर नियम 2017 के अनुसार प्रथम किस्त की प्राप्ति के 60 दिन के अन्दर किस्त का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा किया जाना होता है, जो कि लम्बे समय से अपेक्षित है।

अतः मैं आपसे अनुरोध करता हूँ कि आप इस परियोजना पर उच्चतम स्तर पर ध्यान दें और इसके शीघ्र कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कदम उठाएं एवं अनुदान की प्रथम किस्त का उपयोग प्रमाण पत्र शीघ्र ही प्रस्तुत करने के लिए विधान सभा सचिवालय को आग्रह करें।

इस परियोजना की प्रगति के लिए आपका सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है, मुझे विश्वास है कि आपके सहयोग से हम राष्ट्रीय ई-विधान परियोजना के लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर बढ़ सकते हैं।

धन्यवाद और शुभकामनाएँ।

भवदीय,

(प्रल्हाद जोशी)

श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड
झारखंड मुख्यमंत्री कार्यालय,
पहली मंजिल, प्रोजेक्ट बिल्डिंग,
रांची- 834004
झारखंड

Office : Room No. 15, Parliament House, New Delhi-110001, Tel : 011-23017780, 23017798, 23018729, Fax : 011-23792341
Office : Room No. 353, A Wing, 3rd Floor, Shastri Bhawan, New Delhi, Tel : 23387277, 23383109, 23386402
Residence : 11 Akbar Road, New Delhi-110001, Tel : 011-23014097, 23094098
H.No. 122-D, 'Kamitartha' Mayuri Estate, Keshwapur, Hubli-580023 (Karnataka)
Tel. No. 0836-2251055, 2258955 E-mail : pralhadvjoshi@gmail.com